ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–1प/विविध–14–27/2025/11936/पं०रा०

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

गोविन्द चौधरी,
उप सचिव

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
वैशाली।

पटना, दिनांक–18/8/2026

**विषयः** **श्री नवीन कुमार सिंह भा०प्र०से०, निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा जिला परिषद एवं जिला पंचायत राज का कार्यालय, जिला–वैशाली, बिहार का एक दिवसीय (दिनांक–20.08.2026) निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक–11814 दिनांक–14.08.2026।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से श्री नवीन कुमार सिंह भा०प्र०से०, निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा जिला परिषद एवं जिला पंचायत राज का कार्यालय, जिला–वैशाली, बिहार में निर्धारित एक दिवसीय (दिनांक–20.08.2026) निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम हेतु संबंधित सभी कागजातों यथा अभिलेख, पंजी एवं अन्य अनुलग्नक को पूर्व में ही सूचीबद्ध करने एवं निरीक्षण के दौरान सभी कागजातों को ससमय उपस्थापित करने से संबंधित निदेश उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, वैशाली को दिये जाने एवं उक्त निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम के दौरान अपेक्षित सहयोग (सुरक्षा एवं आवासन) प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त निर्धारित निरीक्षण के क्रम में पुस्तकालयों (वर्ष–2024–25, 2025–26 एवं 2026–27) की भी जाँच किया जाना है। अतएव पुस्तकालयों की जाँच की सूचना संबंधित पदाधिकारी को देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–1प/विविध–14–27/2025/11936/पं०रा० पटना, दिनांक–18/8/2026

प्रतिलिपि–पुलिस अधीक्षक/उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–1प/विविध–14–27/2025/11936/पं०रा० पटना, दिनांक–18/8/2026

प्रतिलिपि–सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक के आशुलिपिक/अपर सचिव के आशुलिपिक/सभी प्रभारी पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–1प / विविध–14–27 / 2025 / 11936 / पं०रा०     पटना, दिनांक– 18 / 8 / 2026
प्रतिलिपि–श्री मनीष रंजन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, अनुश्रवण कोषांग एवं श्री प्रणेश प्रियदर्शी, अंकेक्षक, प्रशाखा–07, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव